दैनिक भास्कर
DainikBhaskar.com

जोजावर से नकली घी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार, रानी में लगा रखी थी फैक्ट्री / जोजावर से नकली घी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार, रानी में लगा रखी थी फैक्ट्री

Pali News - मारवाड़ जंक्शन समेत पाली जिले व अन्य इलाके में सरस घी का फर्जी मार्का लगा नकली घी बना सप्लाई करने के मुख्य आरोपी...

Jun 26, 2018, 05:20 PM IST

मारवाड़ जंक्शन समेत पाली जिले व अन्य इलाके में सरस घी का फर्जी मार्का लगा नकली घी बना सप्लाई करने के मुख्य आरोपी भरत जैन निवासी जोजावर को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ के बाद पुलिस ने रानी स्थित उसकी फैक्ट्री में दबिश देकर वहां से नकली घी बनाने का सामान व उपकरण बरामद किए। इसी फैक्ट्री में आरोपी नकली घी का थोक में उत्पादन करता था, जिसे बाद में विभिन्न जगहों पर बेचा जाता था। मामले की जांच कर रहे सोजतरोड़ एसएचओ हुकम गिरी की टीम ने खिंवाड़ा स्थित भरत जैन की दुकान की भी तलाशी ली। कार्रवाई के दौरान पूर्व में गिरफ्तार वाड़िया निवासी आरोपी भवानीसिंह राजपूत को भी पुलिस ने साथ रखा, जिससे घटनास्थल की तसदीक कराई।

पुलिस के अनुसार रविवार को मारवाड़ जंक्शन थानाधिकारी सुरेन्द्र कुमार की टीम ने वाडिया गांव में भवानीसिंह पुत्र जयसिंह राजपूत के मकान में दबिश देकर वहां से 20 डिब्बे में भरा 304 किलोग्राम नकली घी बरामद किए गए। घी के प्रत्येक डिब्बे जिन पर सरस घी का मार्को लगा हुआ था। पूछताछ में आरोपी भवानीसिंह नकली घी जोजावर निवासी भरत कुमार पुत्र शांतिलाल से लाकर बेचने का खुलासा किया। इसके बाद सोमवार को जांच कर रहे सा ेजतरोड़ पुलिस ने आरोपी भरत जैन को गिरफ्तार किया।

भरत जैन

रानी में पकड़ा नकली घी का कारखाना।

Source: https://www.bhaskar.com/news/latest-pali-news-172003-2054218.html